# पाठ- 5 स्वच्छता का पाठ

## लिखित प्रश्नोत्तर




CLASS: IV
SUBJECT : (HINDI)
CHAPTER NUMBER: 5
TOPIC: स्वच्छता का पाठ
SUB TOPIC: लिखित प्रश्नोत्तर

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

क) गोलू को कहाँ आना अच्छा लगता था ?

उः गोलू को अपने दादा-दादी के घर आना अच्छा लगता था।

ख) दादी ने गोलू से क्या पूछा ?

उ: दादी ने गोलू की उदासी देखकर यह पूछा कि "अरे! गोलू बेटा क्या हुआ ? खुश दिखाई नहीं दे रहे। अब बड़े हो रहे हो तो क्या गाँव पसंद नही आ रहा?"

ग) भीरू काका ने क्या बताया था ?

उ: भीरू काका ने बताया था कि गाँव के सभी बच्चों को उलटी-दस्त हो रहा है।

घ) डॉक्टर ने गाँववालों को क्यों बुलाया ?
उ: डॉक्टर ने गाँववालों के साथ साफ-सफाई तथा बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में बताने के लिए बुलाया था|

ङ) डॉक्टर ने गाँववालों को कौन-सी खुशखबरी सुनाई ?
उ :गाँव की साफ-सफाई देखकर गाँव को सरकार से पुरस्कार मिला है| डॉक्टर ने गाँववालों को बुलाकर यही खुशखबरी सुनाई |

## ३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए|

क) गोलू किस बात से बहुत परेशान था ? विस्तार से लिखिए|

उ: गोलू हर साल गरमियों की छुट्टियों में अपने दादा-दादी के घर आता था| उसे गाँव में आकर अच्छा लगता था| इस बार उसे मजा नहीं आ रहा था क्योंकि उसके सभी मित्र बीमार थे| बीमारी का कारण गाँव में चारों तरफ फैली गंदगी थी| यही सब देखकर गोलू परेशान था |

ख) गोलू ने गाँव में साफ-सफाई के लिए कौन से उपाय किए ?

उ) गोलू ने अपनी दादी से बात की। वह अस्पताल में डॉक्टर से मिला तथा एक योजना बनाई। डॉक्टर के कहने पर सभी गाँववालों ने साफ-सफाई का ध्यान रखा । गोलू के उपाय की वजह से गाँव साफ रहा और पुरस्कार भी मिला।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



# गृहकार्य

पाठ अभ्यास करें।



# शिक्षण प्रतिफल

छात्र स्वच्छता अभियान ,विषयवस्तु प्रश्नोत्तर के बारे में जानकारी प्राप्त किए

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP